# सितारगंज क्षेत्र के बारहाराणा स्मारक में ए.आई.सी.आर.पी. साहीवाल एवं बकरी परियोजना के अंतर्गत किसान गोष्ठी का आयोजन

पन्तनगर कृषि विश्वविद्यालय में **अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजना–साहीवाल एवं बकरी परियोजना** के अंतर्गत दिनांक 29.08.2023 को किसान गोष्ठी का आयोजन सिडकुल क्षेत्र के बारहाराणा स्मारक, सितारगंज में किया गया। जिसमें डा. एस.पी.सिंह, अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय द्वारा पशुपालन की उपयोगिता एवं महत्व के विषय पर व्याख्यान दिया साथ ही डा. शिव कुमार, परियोजनाधिकारी के द्वारा कुक्कुट पालन प्रबंधन पर व्याख्यान दिया गया।

गोष्ठी में डा. आर.के.शर्मा, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (एल.पी.एम.) द्वारा उन्नत पशु पालन एवं प्रबन्धन के मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डाला, तथा डा. एस.के.सिंह, संयुक्त निदेशक शैक्षणिक डेरी फार्म द्वारा बकरी पालन के प्रबंधन के विषय पर व्याख्यान दिया। डा. मानसी सहायक प्राध्यापक, पब्लिक हैल्थ इनके द्वारा पशुओं से मनुष्यों में होने वाले रोगों एवं इनकी रोगथाम के विषय पर व्याख्यान दिया तथा डा. संदीप कुमार तलवार, पशु चिकित्साधिकारी द्वारा पशु रोगों से जुड़ी जानकारी एवं उनका समाधान भी बताया गया। तथा गोष्ठी के दौरान पशुओं के उपयोग हेतु किसानों को दाने के लिए टब, पानी के लिए बाल्टी, मिनरल मिक्सचर, कैल्शियम एवं औषधि इत्यादि का वितरण भी किया गया। गोष्ठी में कुल 88 महिला एवं पुरूष पशु पालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा पशुपालकों को पशु पालन से सम्बंधित जानकारी दी गयी एवं उनकी समस्याओं का निदान किया गया। इस दौरान गोष्ठी का संचालन प्रमुख पशुपालक एवं प्रगतिशील किसान श्री सुरेश सिंह राणा जी कोषाध्यक्ष, बारहाराणा स्मारक, सितारगंज ने किया।

इस दौरान वहा सितारगंज क्षेत्र से प्रमुख पशुपालक श्री अमरनाथ जी, पूनम राणा देवी एवं भुवन सिंह राणा जी द्वारा सहयोग किया।






सितारगंज क्षेत्र किसान गोष्ठी का आयोजन